सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय | SOBAN SINGH JEENA UNIVERSITY
अल्मोड़ा, उत्तराखंड | ALMORA, UTTARAKHAND

पत्रांक–SSJU / मा0 / 2025–26 / 2357 दिनांक–21.09.2026

सेवा में,

1. कुलसचिव, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
2. कुलसचिव, श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल।
3. विश्वविद्यालय समन्वयक, बी0एड0 / एम0एड0 प्रवेश परीक्षा।

**विषय**– संयुक्त राज्य स्तरीय बी0एड0 / एम0एड0 प्रवेश परीक्षा 2026 की काउंसलिंग के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के संदर्भ में आपके सादर संज्ञान में लाना है कि दिनांक–16.08.2026 को संयुक्त राज्य स्तरीय बी0एड0 / एम0एड0 प्रवेश परीक्षा 2026 आयोजित की गई थी, जिसकी प्रथम काउंसलिंग एवं प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है।

शेष रिक्त सीटों पर द्वितीय काउंसलिंग के माध्यम से दिनांक 21.09.2026 को सायं 05 बजे से अभ्यथियों को आवंटन पत्र जारी किए जा रहे है। अभ्यर्थी अपना आवंटन पत्र समर्थ पोर्टल के माध्यम से डाउनलोड करना सुनिश्चित करते हुए आवंटित महाविद्यालय / संस्थान में दिनांक–22.09.2026 से 28.09.2026 तक प्रवेश लेना सुनिश्चित करेंगें।

अतः आपसे निवेदन है कि उक्त सूचना को अपने स्तर से अपने विश्वविद्यालय के सेवित क्षेत्र के अभ्यर्थियों के मध्य प्रचारित / प्रसारित करने का कष्ट करेंगें।

कुलसचिव

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. श्री अभिषेक पटेल, समर्थ नोडल दिल्ली को इस आशय से प्रेषित कि वे उक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें
3. वैबसाइट प्रभारी, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को वैबसाइट में अपलोड करने का कष्ट करें।
4. संपादक, अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, उत्तर उजाला, सहारा टाइम्स को इस आशय के साथ प्रेषित की उक्त सूचना को दैनिक समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
5. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।

कुलसचिव